रॉयल बुलेटिन
एक अखबार – सारा संसार

बागपत में पकड़ा गया नकली बिसलेरी का प्लांट, बिलसेरी के नाम से पानी की बोतल की सप्लाई

बागपत। बागपत के ग्राम सादिकपुर सिनौली थाना छपरौली में बिलसेरी नकली पानी की बोतल तैयार करने वाले प्लांट अभि बेवरेज पर छापा मारा गया। मौके पर बिलसेरी ब्राण्ड के फर्जी लेबल बरामद किए गए। जिन पर गाजियाबाद का पता लिखकर पैक किया जा रहा था। इस फर्जी लेबेल वाली लगभग 4000 बॉटल जब्त की गई है। साथ ही दो नमूने जाँच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये हैं।

उक्त फर्म का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। मौके पर पैकेजिंग मशीन, स्टॉक आदि पर सील लगाते हुए किसी भी प्रकार के खाद्य कारोबार करने पर रोक लगा दी गई है।

खाद्य और पेय उत्पादों के भी नकली संस्करण जो बाजार में उपलब्ध हैं उसकी सूचना संबंधित व्यक्ति खाध सुरक्षा विभाग को दे सकता हैं। जिससे कि नकली खाद्य पदार्थों की बिक्री को रोका जा सके और व्यक्ति के स्वास्थ्य को अच्छा बनाया जा सके ये निर्देश जिलाधिकारी ने दिए हैं।

जिलाधिकारी ने इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को निर्देश दिया है कि वे जनपद में सक्रिय सभी ऐसे प्रतिष्ठानों की जांच करें जो ब्रांडेड उत्पादों की नकल कर नकली वस्तुओं की बिक्री कर रहे हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी ने कहा, "नकली उत्पादों की बिक्री न केवल ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी है, बल्कि यह उनकी सेहत के साथ भी खिलवाड़ है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की गई ताकि बाजार से नकली वस्तुओं की बिक्री को रोका जा सके।"

खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे विशेष रूप से पेयजल के नकली उत्पाद बेचने वाले दुकानों और प्रतिष्ठानों पर छापेमारी करें। इस अभियान के तहत प्रमुख ब्रांडों की नकल करके बेचे जा रहे उत्पादों की पहचान की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

Source: https://royalbulletin.in/fake-bisleri-plant-caught-in-baghpat-supplying-water-bottles-in-the-name-of-bilseri/223003